Get More Visit : http://hindicomics.blogspot.com

YASH'S UPLOAD

Diamond Comics

D-1624-Rs.15.00

प्राण

चाचा चौधरी और राका ब्रिगेड

कार्टूनिस्ट प्राण का जन्म कसूर नामक कसबे में, जो अब पाकिस्तान में है, हुआ था। एम.ए. (राजनीति शास्त्र) और फाइन आर्ट्स का अध्ययन करने के बाद उनका कार्टूनिंग कैरियर 1960 में दैनिक मिलाप से शुरू हुआ।

उन दिनों सारे भारत में विदेशी कॉमिक्स छपती थीं। प्राण ने भारतीय पात्रों की रचना करके स्थानीय विषयों पर कॉमिक्स बनाना शुरू किया। उनके प्रमुख चरित्र हैं - चाचा चौधरी, साबू, श्रीमतीजी, पिंकी, बिल्लू और रमन।

लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड्स ने उनको 1995 में पीपुल ऑफ द ईयर अवार्ड से पुरस्कृत किया। उनकी चाचा चौधरी स्ट्रिप्स को इंटरनेशनल म्यूज़ियम ऑफ कार्टून आर्ट, अमरीका में स्थायी रूप से रखा गया है। 1983 में स्वर्गीया प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने प्राण की राष्ट्रीय एकता पर बनी कॉमिक्स 'रमन-हम एक हैं' का विमोचन किया।

प्राण के चरित्रों की लोकप्रियता का रहस्य है कि वे सीधे सरल हास्य द्वारा पाठकों को भीतर तक गुदगुदा देते हैं।

प्रकाशक



TITLES CHACHA CHAUDHARY AND SABU AND THEIR CHARACTERS ARE COPYRIGHT REGISTERED BY GOVERNMENT OF INDIA FOR THE PROPRIETORS PRAN'S FEATURES, A-84 NARAINA VIHAR, NEW DELHI-110028. REPRODUCTION OF ANY PART OF THIS BOOK IS STRICTLY PROHIBITED. NO ACTUAL PERSON IS NAMED OR DELINEATED IN THIS FICTION COMICS. ANY SIMILARITY TO REAL HUMAN BEING OR PLACE IS PURELY COINCIDENTAL.

सर ने मुझे बुलाया है.
M.D.
मिस मोना! हमारे डिपार्टमेंटल स्टोर्स की सेल कैसी है?
नम्बर वन, सर!
हमारे स्टॉक्स बिकते जा रहे हैं. बिज़नस में तेजी है.
गुड ! स्टाफ को बम्पर बोनस की घोषणा कर दो!
थैंक्यू, सर!
STORES
MIST
HOTEL
DVD
PARLOUR
TD
AX
चुन्नी भाई! दुकान जल्दी बंद करके क्यों जा रहे हो?
राका बिग्रेड के आने की खबर है!

भागो!
घर सुरक्षित पहुंचो!
राका ब्रिगेड.
चीफ की जय!
चाहे राका हमारे बीच नहीं हैं, मगर उनकी प्रेरणा हमारा मार्गप्रदर्शन करेगी और हम अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे.
Watch
उद्देश्य प्राप्त करने के लिए पैसे की जरूरत होती है. टैक्स वसूलने चलो!
Softy

यह शहर का सबसे बड़ा डिपार्टमेंटल स्टोर है. यहां माल काफी मिलेगा.
MALL
रुको! अंदर हथियार ले जाना मना है!
धांय!
आऊ ऊ!
मैनेजिंग डायरेक्टर का कमरा उधर है.
राका बिग्रेड को अपने लीडर का लक्ष्य पूरा करना है! उसके लिए तुम्हारा सहयोग चाहिए!

क्या सहयोग गन तानकर मांगा जाता है?
हमारे लीडर ने हिंसा को अपनाया था. इसी तरीके से हमने सारे विश्व पर हकूमत करनी है. मुझे बोलना पसंद नहीं. तुम्हारी कम्पनी के मुनाफे में से तुम 40 प्रतिशत
राका फंड में दोगे!
मुझे मंजूर है!
हर महीने की पहली तारीख को तुम्हें उतना पैसा पहुंच जाएगा.
SHAMPOO
PASTE
बढ़ो! दूसरी कम्पनी आगे है.
लीजिए, चालीस लाख रुपया राका टैक्स!
गुड!

राका ब्रिगेड!...
जिन्दाबाद!
चाचा चौधरी के घर पर...
चाची! कहां से आ रही हो?
मैं बाजार गई थी, साबू!
क्या मेरे लिए कुछ खाने की चीज़ लाई?
मैं जूते लाई हूं. मन करे तो खा लो!

हा! हा!!
चाचा चौधरी! मेरी मदद करो!
इंस्पैक्टर गोज़ा?
अंदर आओ और आराम से बात करो!
राका ब्रिगेड व्यापारियों से करोड़ों रूपया इकट्ठा कर रही है.
राका कौन था?
वह एक खूंख्वार डाकू था जिसका मकसद दुनिया को कब्ज़े में कर,हकूमत करना था.

वह बड़ा जालिम था!
'पुलिस से वह नफरत करता था और उन्हें देखते ही मौत के घाट उतार देता था.'
लो. गोलियां चखो!
वह जहां जाता मौत उसके साथ होती थी.
बचाओ!
पुलिस ने राका को एंकाउंटर में मार गिराया होता? हमेशा के लिए प्राब्लम खत्म हो जाती!
उसने चकमाचार्य की अद्भुत दवाई पी ली थी, जिससे वह मर नहीं सकता था.

अगर वह जिन्दा है तो कहां है?
वह ऐसी जगह है जहां जिन्दा रहते भी वह कुछ नहीं बिगाड़ सकता.
राका की एक बार साबू से भिड़ंत हो गई. साबू ने दुश्मन को काबू कर लिया.
डाकू को जहाज द्वारा अंटलांटिक महासागर ले जाया गया.
दुश्मन को समुद्र में ढकेलना था.
साबू! भंवर करीब है. इसे फैंको!
जाओ!
नहीं!
निर्दयी डाकू भंवर में समाकर पानी में चक्कर लगा रहा है.

बिग्रेड के बदमाश राका के नाम से फायदा उठाना चाहते हैं जो हम नहीं होने देंगे.
अच्छा, मैं चलता हूं. मेरे इलाके में जुर्म नहीं होने चाहिएं.
चाचाजी! आप डगडग तेज क्यों दौड़ा रहे हैं?
STD ISD FAX
PEPSI
पैसा देने से पहले हम सेठ तक पहुंच जाएं.
तुम्हें बदमाशों को रकम नहीं देनी होगी!
मगर ऐसा करने से वह मुझे और मेरे स्टोर्स को तबाह कर देंगे.
हम किसलिए हैं? भरोसा रखो!

मैं जल्दी से घर को निकल लूं.
सलाम, साहब!
भागना चाहता था? बिग्रेड का हिस्सा कहां है? जल्दी निकालो वर्ना ऊपर पहुंचता हूं!
?!
अर र रा उसे क्यों परेशान कर रहे हो?
हमारा जवाब!
रट टट ट ट!
ओह ह ह!


बोल! तुमने हमारे बीच अपनी टांग क्यों अड़ाई?
सूगा! दुश्मन को बख्शना नहीं! उसे मार डालो!
चल छछूंदर!
धड़ाक!
आ आ ई ई!
टट टट ट ट!
उस बड़े दरख्त ने हमारे चीफ को मारा है! उसे नर्क पहुंचा दो!
साबू! झुको!

यह बारूद तुम्हारे चीथड़े उड़ा देगा!
धड़ड़ड़ाम!
साबू! अब देर नहीं! फार्मूला नम्बर 106
मैं हैरान हूं! वह जिन्दा है?
दोबारा वार करो.
बस, काफी सह लिया!
आ अ अ!
जाओ!
बचाओ!

वह हमारे ऊपर भारी पड़ गया!
भागो!
थैंक्स! जैसा तुमने कहा था. वैसा कर दिखाया!
वह आपकी तरफ मुहं नहीं करेगा!
वापस घर चला जाए.
ओह हा! बारिश शुरू हो गई!
साबू! ट्रक के अंदर जाने से तुम नहीं भीगोगे!
मैं बरसात का लुत्फ ले रहा हूं.


रात.
बाहर तूफान तेज हो गया है. बिजली रह रहकर कड़क रही है.
हू—हू—हू—हू!
कुत्ता रो रहा है. लगता है प्रलय आने वाली है.
तूफान में समुद्र की लहरें आसमान छुने लगती हैं. पानी के जीव दहशत में हैं.
तभी एक चेहरा गहराई से ऊपर उठता है...
आह हा! काफी देर बाद हवा में सांस ले सका.
बस, एक बार तट पर पहुंच जाऊं!

वह जहाज! वह मुझे तट तक ले जाने में सहायक होगा.
सर! एक आदमी पानी में गोते खा रहा है.
उसे बचाने कि कोशिश करो!
वह बहुत विशाल है.
पता नहीं वह समुद्र में कैसे पहुंचा?
तुम कौन हो?
राका!...इस दुनिया का होने वाला एक मात्र बादशाह!
हा! हा!! शायद पानी में गोते खाने से उसका दिमाग हिल गया है?

तुमने अपने राजा को बेवकूफ कहा? तुम्हें गुस्ताखी की सजा मिलेगी।
आ आ आ-
जाओ।
एहसान फरामोश! हमारे कैप्टन ने तुम्हारी जान बचाई और तुमने उसे मार डाला?
मुझे ज्यादा बोलने वाले पसंद नहीं। मुझे
लगी है, खाना लाओ।

उसे बुलेट्स खिलाओ।
हैरानी है? वह जख्मी नहीं हो रहा?
रट टट टा ट ट!
हो! हो!! फूल बरस रहे हैं!
अब मेरा हाथ देखो।
आऊ ऊ!
रहम! मुझे न मारना!
तुम एक जिन्दा रहोगे क्योंकि मुझे जहाज चलाना नहीं आता.

किस देश की तरफ चलना है, सर!
भारत!
जहाज कुछ दिन समुद्र में चलता रहता है.
तब आखिर एक दिन...
दुनिया के लोगो! मैं तुम पर हकुमत करने आ गया हूं!
लज़ीज़ नारियल पानी!
देखो, कैसा ऊपर जाता है जैसे लहराती पतंग!

धुड्ड्ड!
?!
साहब! माफ कर दो!
माफी देना मेरा स्वभाव नहीं है! तुम जमीन पर रहने के काबिल नहीं!
लोगों में दहशत फैलाना मुनासब है! तभी सब मेरा हुक्म मानेंगे!

रेस्तरां
मटन बर्गर मेरी कमजोरी है...
शेयर मार्किट चढ़ते ही मैं लाखों कमा लूंगा.
अंदर लोग होंगे. बिल्डिंग ध्वस्त करना है!
Urant
धाँयययय!
हो! हो! क्या निशाना लगा?

साबू! तुम हमेशा कुश्तियों का चैनल देखते हो. समाचार सुनने से ज्ञान बढ़ता है.
चाचाजी! लो, मैं वह चैनल लगाता हूं.
शहर के होटल में धमाके से 30 लोगों की मौत और 15 घायल हो गए....
पुलिस का विश्वास है यह काम एक विशाल कद के आदमी का है...
वह तो राका है!
राका पानी की कब्र से वापस कैसे आ गया?
समुद्र में परिवर्तन आते हैं. यह उन्हीं का नतीजा है.
विश्व को खूंख्वार डाकू से बचाना है. उसका ख्वाब बड़ा भयानक है.


तभी मैं कहता हूं कि इससे पहले वह निर्दोष लोगों को मारे, मैं उसे पकड़ लेता हूं!
उसे पकड़ना आसान नहीं है! एक जाल बिछाना होगा!
बीनी! हमने डाकू को पकड़ना है!
इस चूहेदानी ने कई चूहों को पकड़ा है. चाहो तो तुम इसे प्रयोग कर सकते हो।
तुमने कभी मेरी बात नहीं मानी!
हां! सबसे पहले हमें देखना होगा कि राका अगला वार कहां कर सकता है?
© PRAN'S FEATURES

राका विश्व पर हकूमत करना चाहता है. इस मकसद के लिए उसे आदमियों और हथियारों की जरूरत पड़ेगी.
इन दोनों चीजों के लिए चाहिए पैसा।
आपका मतलब है कि वह कोई बड़ा बैंक लूटेगा?
डाकू और कहां से धन लाएगा?
चाचा चौधरी का दिमाग कम्प्यूटर से तेज चलता है
हमें शहर के सबसे बड़े बैंक को गार्ड करना चाहिए.
देखो, तुम्हारी चाची ने लज़ीज़ खाना बनाया है जिसकी खुश्बू बाहर आ रही है.
वाह!

HOTEL
GARMENTS
Watches
BOOKS
&CO.
आ-आ ह ह! मुझे क्यों मारना चाहते हो?
भागो!
यह मेरा शौक है!
अररर! रूक अगर तुमने बंदूक का ट्राइगर दबा दिया तो बादशाह जाओगे!
क्या बकते हो?
मैं आपके अनुयायिओं मेंसे हूं. आपकी अनुपस्थिति में हमने राका गैंग बनाया जो लोगों से पैसे वसूल करता था. अब आप हमारी अगवानी करें।
मुझे अपने मकसद के लिए आदमी चाहिएं.
चीफ! आप हमारे अड्डे पर चलिए और हमारी टोली की कमान सम्भालें।
ठीक है!

इस गिरोह की बात मानने में क्या हर्ज है? यह लोग मेरा नुकसान नहीं कर सकते. मेरी इज़्ज़त करते हैं.
ठिकाने पर....
चीफ राका!
जिन्दाबाद!
हमने आपके नाम पर जो लूटा है वह यह है. इन्हें आप सम्भालिए!
तुम लोगों ने मेरा दिल जीत लिया है. हमें अपने मकसद के लिए और रूपया चाहिए!

जब मैं विश्व का सम्राट बनूंगा तो तुम सबको मिनिस्टर्स बनाऊंगा.
तब क्या हम अपने नागरिकों को लूटेंगे?
गोलू! चुप!
हुजूर इधर आइए! हम पता लगाएंगे कि किस बैंक में सबसे ज्यादा पैसा है.
बेबी! बताओ! डाका कहां डालें?
इस वक्त सबसे ज्यादा पैसा रिच बैंक में है!
बस इतना काफी है.


!dea
CLINIC
HOTEL
HOTEL
आज उस्ताद हमारी अगवाही कर रहे हैं. माल ज्यादा मिलेगा.
गाड़ी तेज़ करो!
धांय!!
धांय!!
RICH BANK
आह ह हा!
तुम स्टाफ पर निगरानी रखो! हम स्ट्रांगरूम को जाते हैं!
अगर किसी ने मोबाइल उठाया तो वह जान से हाथ धो बैठेगा!

धांय!
स्ट्रांगरूम खोलने का यह तरीका अच्छा है।
इस तिजोरी में दौलत है।
तुम??
छोटे आदमी! पैसा कहां है?
मूर्ख! ज्यादा पैसा बड़ी तिजोरी में रखा जाता है.

लो, बड़ी को खोल लेते हैं!
धड़ाक!
आज ज
तुमने अपने बादशाह को मारा?
धोखा!
धांययय!
बाल बाल बचा!
© PRAN'S FEATURES

© PRAN'S FEATURES

आह हा! उसका पैर मेरे हाथ में आ गया!
चमगाद मुझे छोड़ो!
जाओ!
आ-आ--आ अ अ!
L &CO.
HOT
साबू! अत्याचा को उस गड्ढे में डालो!

उधर! उसे उसनें धकेलो!
वह नीचे गया!
बॉय, बॉय, राका!
गड्ढे को पत्थर की सिल से बंद कर देता हूं.
यह कुछ समय के लिए ठीक है.

हमें कोई ऐसा उपाय ढूंढना होगा जिससे राका हमेशा के लिए दूर रहे।
ऐसा तरीका कौन बताएगा?
साइंसदान ज़ॉक. उसकी मदद के बिना हमारी सारी कोशिशें बेकार रहेंगी.
मैं डगडग को उसके घर क
तरफ मोड़ हूं.
प्रोफेसर ज़ाक!
आओ चाचा चौधरी! तुम्हारे साथ शतरंज की बाजी खेलने का लुत्फ ही कुछ और है!


मैं सम्राट नीरो नहीं बनना चाहता जिसका देश रोम जल रहा था और वह बांसुरी बजाने में मस्त था.
??
विश्व पर राका का खतरा मंडरा रहा है. वह कत्लेआम कर रहा है और दुनिया को गुलाम बनाने को सपना देख रहा है.
हम उसे ऐसी जगह भेजना चाहते हैं कि वह जनसंख्या से हमेशा के लिए दूर हो जाए!
प्रोफेसर! तुम क्या मदद कर सकते हो?
उसे कम्प्यूटर द्वारा कंट्रोल्ड स्पेसक्राफ्ट में बंद करके अंतरिक्ष में छोड़ देंगे. मैं कम्प्यूटर को इस तरह प्रोग्रामिंग कर दूंगा कि वह बाहर न आ सके.


मोनूमेंट की इस खाली जगह पर बड़ा पत्थर लगेगा जिसपर पूरी जीवनी और इतिहास लिखा होगा.
उसके लिए एक पत्थर का स्लैब मैंने पड़ा देखा है. उसे यहां लाना चाहिए.
गररड़ड़!
यह स्लैब उस मोनूमेंट पर मुझे ले जाना है।
आ-आ-ग्हह!
पत्थर के नीचे कौन है उससे ड्राइवर बेखबर है.

बचाओ!
मैं सब तहसनहस कर दूंगा!

हमें मत मारो!
चाचा चौधरी और साबू को मदद के लिए बुलाओ!

चाचाजी! दायीं तरफ देखिए!
ओह हां! शहर जल रहा है. लगता है राका कैद से बाहर आ गया है!
मैं डगडग को उधर मोड़ता हूं!
हू-हूबा!
अच्छा हुआ तुम खुद चले आए. तुम्हें मारकर मैं हमेशा के लिए चैन लूंगा!
धांय!
ओह हां! बच गया!

अगर बुलेट मुझे छू जाती तो मेरा भी वही हाल होना था जो उस खम्बे का हुआ.
ओह हा! गोलियां खत्म!
टिक! टिक!!
धड़ाक!
मैं उसे दूसरे तरीके से मार सकता हूं.
आ ह ह!
साबू दर्द महसूस करता है।
जब साबू को गुस्सा आता है तो कहीं ज्वालामुखी फटता है.

उसकी गर्दन हाथ आ गई
आ ह ह ह!
साबू राका की गर्दन दबाता है. डाकू का दम घुटता है.
आज ज!
यह पत्थर तुम्हारे सिर को बोन-चाइना के कप की तरह तोड़ देगा.
??

कड़ाक कड़!
साबू का सिर ज्यूपिटर ग्रह का बना है जो पत्थर से ज्यादा मजबूत है।
मैं तुम्हें जिन्दा नहीं जाने दूंगा.
सरराटट!
साबू पलटकर विरोधी को दबोच लेता है।
काफी फुदक लिए!

साबू! उसे ट्रक में धकेल दो!
राका को ट्रक में डालो!
अंदर जाओ!
© PRAN'S FEATURES

ANK
प्रोफेसर जाक की लैबरोट्री पर चला जाए!
मुझे बाहर निकालो!
ठाक! ठाक!!
फेसर! डाकू राका डगडग में बंद है.
उसे राकेट के कैप्सूल पर लादो!
मैं कम्प्यूटर से राकेट फायर करूंगा!
मुझे छोड़ो!
मुझे छोड़ो!

कैप्सूल में जाओ!
आह हा! साबू वापस नीचे आ रहा है. मैं राकेट फायर करता हूं.
प्रोफेसर ज़ाक के क्लिक करते ही राकेट जमीन छोड़ता है.
वह दूर अंतरिक्ष में जा रहा है.
प्रोफेसर का मैं धन्यवाद कर दूं.

अंतरिक्ष में सैकड़ों प्रकाश वर्ष दूर जाकर राका को लिए कैप्सूल मेन क्राफ्ट से अलग हो जाता है.
प्रोफेसर, थैंक यू! आपने एक उपकार का काम किया है.
कम्प्यूटर की प्रोग्रामिंग मेरे सिवा विश्व में किसी को नहीं पता. इसलिए राका सदा के लिए अंतरिक्ष में घूमता रहेगा.
साबू! तुम्हारी चाची पनीर-पुलाव पका रही है. मुझे खुश्बू आई है।
मुझे बड़े जोरों की भूख लगी है।